जो बोले जयकारा वो जग में नहीं हारा

जो बोले जयकारा वो जग में नहीं हारा,
मेरे बांके बिहारी को बड़ा लगता प्यारा
जो बोले जयकारा वो जग में नहीं हारा,

जयकारे की जय घोश से, होता सबका बेड़ा पार,
यही पर आकर हो जाता, सब पापो का उद्धार,
मै भी बोलू जयकारा, तुम भी बोलो जयकारा,
जो बोलें जयकारा, वो जग में नही हारा

भक्ति भाव से उसके आगे, अपना शीश झुकाओ,
दोनों हाथ उठाकर के, जय जयकार गुंजाओ,
थाम लेगा हाथों को, जो बोलें जयकारा,
मेरे बांके बिहारी को, बड़ा लगता प्यारा

आजमा लो तुम द्वार पे जाकर, पल मे झोली भरदे,
फस जाऐ गर बीच भवंर तो,आकर पार लगा दे,
सभी की सुनता है, जो बोलें जयकारा,
मेरे बांके बिहारी को, बड़ा लगता प्यारा

कर दो नजर दया की, कान्हा हो जाऐ वारे न्यारे,
बांगा को भी तार दो,जैसे लाखो पापी तारे,
मै भी बोलू जयकारा, तुम भी बोलो जयकारा,
जो बोलें जयकारा,वो जग में नही हारा

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15919/title/jo-bole-jaikaara-vo-jag-me-nhi-haara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |